राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने कर्नाटक के शिवमोगा में हुए हादसे में बिहार के श्रमिकों की मृत्यु पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 22 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने कर्नाटक के शिवमोगा में ट्रक में हुए ब्लास्ट हादसे में बिहार के श्रमिकों की मृत्यु पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि यह हादसा अत्यन्त हृदयविदारक और पीड़ादायी है तथा इस दुर्घटना में हुई श्रमिकों की मृत्यु पर वे अत्यन्त दुःखी हैं।

राज्यपाल ने दिवंगत श्रमिकों की आत्मा को चिरशांति तथा उनके परिजन को इस दारूण दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

....